हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 2 नवंबर 2025

04 एनएसयूआई का कहना... निष्पक्ष हो जांच, अन्यथा...



07 लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की...





## खबर संक्षेप

### शिक्षक की शिकायत पर जांच अटकी

**सीहोर।** जिला शिक्षा विभाग में एक शिक्षक की शिकायत पर गठित जांच समिति समय पर रिपोर्ट नहीं दे पाई है। डीईओ ने 3 दिन में प्रतिवेदन सौंपने के निर्देश दिए थे, लेकिन 20 दिन बीत चुके हैं। इधर, शिकायतकर्ता शिक्षक वेतन के बिना परेशान है। शासकीय प्राथमिक स्कूल इन्द्रा आवास में पदस्थ शिक्षक शिवनारायण विश्वकर्मा ने सितंबर में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को आवेदन देकर बीईओ दीपा कीर पर गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना है कि अगस्त में बीमारी के चलते उन्होंने 20 दिन की मेडिकल लीव ली थी। मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट संकुल केंद्र एमएलबी में जमा भी कर दी थी, फिर भी अगस्त का वेतन रोक दिया गया। शिक्षक का आरोप है कि वेतन संबंधी जानकारी लेने जब वे बीईओ कार्यालय पहुंचे, तो अधिकारी ने अभद्र व्यवहार किया और मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। इसी घटना की शिकायत कलेक्टर के समक्ष की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीईओ संजय सिंह तोमर ने 6 अक्टूबर को तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई। सहायक संचालक सलोनी शर्मा, प्राचार्य आलोक शर्मा और प्राचार्य हरिवंश पाठक को 3 दिन में बिंदुवार जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन अब करीब 20 दिन बाद भी रिपोर्ट जमा नहीं की गई है।

### राजस्व मंत्री वर्मा ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की नागरिकों को दी शुभकामनाएं

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर राजस्व मंत्री ने किया ध्वजारोहण, आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा - एक नवंबर को मध्यप्रदेश अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने ध्वजारोहण किया। समारोह में अनेक स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि एक नवंबर को मध्यप्रदेश अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1956 को गठित यह राज्य न केवल भारत के हृदय में स्थित है, बल्कि देश के विकास मानचित्र पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की यह 70 वर्षों की यात्रा समर्पण, संकल्प और सतत विकास की सुखद यात्रा रही है। यह दिन हमें हमारे पूर्वजों की मेहनत, उनके जज्बे, जनभागीदारी से विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी एवं हम सभी की आस्था और निष्ठा की याद दिलाता है।

राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि इन वर्षों में प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले ने भी कई क्षेत्रों में प्रगति के नये आयाम स्थापित किये हैं। प्रदेश के साथ ही जिले में विकास, जनकल्याण और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों का साक्षी रहा है। प्रशासनिक दक्षता, जनभागीदारी और नवाचार की भावना के साथ जिले ने शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में न केवल जिले के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं, बल्कि सीहोर को प्रदेश के अग्रणी जिलों में स्थान दिला रही हैं। उन्होंने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली बालिकाओं के दल को दस-दस हजार रूपये तथा गीत प्रस्तुति के लिये बालक अगस्त गुप्ता को पांच हजार रूपये पुरस्कार के रूप में देने की घोषणा की।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर ब्लू वर्ल्ड स्कूल द्वारा लोकगीत, सांदीपनि विद्यालय द्वारा लोक नृत्य तथा कन्या परिसर की छात्राओं के दल द्वारा जनजातीय संस्कृति की अनुपम छटा बिखेरने वाला समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में संगीतिका संगीत महाविद्यालय के दल द्वारा मध्यप्रदेश गान एवं सेंट ऐन्स स्कूल के छात्र अगस्त गुप्ता द्वारा देशभक्ति एवं एकता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। सभी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर तथा मंत्रमुग्ध कर दिया ।

**लोकतंत्र / स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान :** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने लोकतंत्र / स्वतंत्रता सेनानी के परिजन कस्तूरी बाई तथा सीता बाई का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र, खाद्य एवं प्रसंस्करण, उद्यानिकी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, शिक्षा तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत द्वारा स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। विधायक सुदेश राय, जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेन्द्र मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, सीहोर जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई, कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ सर्जना सिंह, डीएफओ अर्चना पटेल, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, एएसपी सुनीता रावत, सन्नी गौरव महाजन, सुदीप प्रजापति सहित अनेक जनप्रतिनिधी एवं अधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा नागरिक उपस्थित रहे।

## ब्रिज डिजाइन पर भड़के विधायक सुदेश राय, बोले- एक्सीडेंट हुआ तो मैं स्वीकार नहीं करूंगा

**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज की डिजाइन को लेकर क्षेत्र में चल रहा विरोध अब और तेज हो गया है। स्थानीय निवासियों के विरोध के बीच विधायक सुदेश राय ने तीखे तेवर दिखाते हुए खुलकर जनता के पक्ष में आवाज उठाई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह ऐसा रोड स्वीकार नहीं करेंगे जिससे उनकी जनता का नुकसान हो।

विरोध प्रदर्शनों के बीच विधायक सुदेश राय ने ब्रिज निर्माण की खामियों पर अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वह अपनी जनता की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। विधायक सुदेश राय ने ब्रिज निर्माण एजेंसी के जिम्मेदारों से कहा कि मुझे मेरी जनता की सेवा करनी है। यदि मेरी जनता में से किसी एक का भी एक्सीडेंट हुआ तो मैं यह एक्सेप्ट नहीं करूंगा। मैं ऐसा रोड थोड़ी बनवाऊंगा, जिससे मेरी जनता का ही नुकसान हो, भगवान मुझे भी तो सजा देगा।

#### विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासी कई महीनों से ब्रिज निर्माण की खामियों को लेकर लगातार विरोध जता रहे हैं। उनका विरोध प्रदर्शन का तरीका लगातार अनूठा रहा है। विरोध के बीच सबसे पहले बच्चों ने ब्रिज की सर्पाकार डिजाइन पर तंज कसते हुए सांप सीढ़ी स्पर्धा आयोजित की। वरिष्ठ नागरिकों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखी। शुक्रवार को कॉलोनीवासियों ने अपने अपने घरों पर काले झंडे लगाकर विरोध जताया।


#### मानव श्रृंखला बनाकर विरोध जताया

देवउठनी ग्यारस के दिन क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर विरोध दर्ज कराया। रहवासियों ने तंज कसा कि शायद देवउठनी ग्यारस पर देवों के साथ जिम्मेदारों की नींद भी खुल जाए। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि ब्रिज निर्माण में बरती जा रही खामियों से करीब पांच हजार से अधिक लोग प्रभावित हैं।

### एकता दौड़ में 800 से ज्यादा युवाओं ने लिया भाग

**सीहोर।** लौह पुरुष सरदार मेवाड़ा पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिले में एकता दौड़ का आयोजन हुआ। दौड़ का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा। एकता दौड़ को विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ आवासीय खेलकूद परिसर, भोपाल नाका से शुरू होकर चर्च ग्राउंड पर समाप्त हुई। इसमें 800 से अधिक युवाओं, खिलाड़ियों, स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं, एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स, सामाजिक संगठनों, पुलिस बल, होमगार्ड्स, विशेष सशस्त्र बल और नागरिकों ने भाग लिया। विधायक सुदेश राय ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। इसके बाद पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में एएसपी सुनीता रावत, डीईओ संजय सिंह तोमर सहित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## विवाद में जेठ ने महिला पर किया हमला, खेत में काम करते समय हुई मारपीट, तीन बेटियां भी घायल



**सीहोर।** बिलकिसगंज थाना क्षेत्र के रामाखेड़ी गांव में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को एक महिला और उसकी तीन बेटियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। घायलों का इलाज बिलकिसगंज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, रामाखेड़ी के कलीबाई मेवाड़ा अपने खेत में लहसुन की खेती के लिए जमीन तैयार कर रही थी। इसी दौरान उनके जेठ नर्मदा प्रसाद मेवाड़ा वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उन्होंने अचानक बहू कलीबाई पर लकड़ी और फावड़े से हमला कर दिया। हमले के दौरान कलीबाई की बेटी प्रीति, महक और पलक और पड़ोसी रामेश्वर मेवाड़ा ने बीच-बचाव किया। इसके बावजूद कलीबाई को गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी बेटियां भी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल-100 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बिलकिसगंज के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया गया है। कलीबाई ने बताया कि जमीन संबंधी विवाद के कारण उनके जेठ ने हमला किया। उन्होंने कहा कि यदि बेटियां समय पर नहीं आतीं तो वह और अधिक घायल हो सकती थीं।

## तीन मासूमों की चीखों ने झकझोरा न्यायालय को दरिंदे रामू बैरागी को अंतिम सांस तक जेल



**सीहोर।** जिले की भैरुंदा तहसील में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना पर अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। नसरुल्लागंज निवासी रामू उर्फ रामदास बैरागी ने तीन मासूम बच्चों से घिनौना कुकृत्य किया। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश उषा तिवारी ने उसे अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा सुनाकर समाज को कठोर संदेश दिया।

#### मां की फरियाद बनी न्याय की आवाज़

अभियोजन के अनुसार घटना 7 अगस्त 2024 की है, जब पीड़ित बच्चों की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बेटे और उनका दोस्त मोहल्ले में खेल रहे थे, तभी रामू बैरागी उन्हें बहाने से अपने घर ले गया। वहां उसने निर्दोष बच्चों के साथ अमानवीय हरकत की, जिससे पूरा मोहल्ला स्तब्ध रह गया।

#### दोबारा बच्चों के साथ कुकृत्य किया

जब पहली बार मां को घटना का पता चला, तो उन्होंने इंसानियत पर भरोसा करते हुए रामू को चेतावनी देकर छोड़ दिया। लेकिन हैवानियत फिर जागी। 5 अगस्त की शाम, रामू ने दोबारा बच्चों के साथ कुकृत्य किया और उन्हें डंडी से धमकाया। बच्चों का भय और मां की व्यथा ने हर संवेदनशील दिल को दहला दिया।

#### अभियोजन ने लड़ी सच्चाई की लड़ाई

शासन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक मनोज जाट ने यह मामला गंभीरता से प्रस्तुत किया। उन्होंने अदालत के समक्ष सभी प्रमाणों को तार्किक रूप से रखते हुए यह साबित किया कि आरोपी ने तीन मासूमों के साथ जघन्य अपराध किया। अभियोजन की यह सटीक पैरवी ही न्याय की जीत बनी।

#### अदालत का संदेश, बच्चे देश का भविष्य

फैसला सुनाते हुए प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि बच्चों के खिलाफ अपराध अक्षम्य हैं, और ऐसे अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। न्यायालय ने अंतिम सांस तक आजीवन कारावास और 21 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाकर यह स्पष्ट किया कि अब दरिंदों के लिए समाज में कोई जगह नहीं होगी।

#### पुलिस की तत्परता और सटीक जांच

फरियाद के बाद पुलिस ने तुरंत ही मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। साक्ष्यों के आधार पर अपराध सिद्ध करने में पुलिस और अभियोजन पक्ष की भूमिका सराहनीय रही। वैज्ञानिक साक्ष्य और गवाहों के बयान ने अदालत के सामने सच्चाई को पूरी तरह उजागर कर दिया।

### बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन

# देव उठनी ग्यारस पर संकल्प वृद्धाश्रम पर भजन संध्या का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शनिवार को हर साल की तरह इस साल भी शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर पहले दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, भजन गायक पंडित सुनील पाराशर, अमित जैन, बाबू सिंह, आयुष गुप्ता, अंकित शर्मा, आकाश राय, कमलेश राय आदि ने खाटू श्याम की झांकी सजाकर पूजा अर्चना की। इस मौके पर सुबह मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया और उसके पश्चात खिचड़ी की प्रसादी का वितरण किया गया। रविवार को भजनों का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि देवउठनी एकादशी पर खाटू श्याम बाबा का जन्मदिन मनाया जाता है, मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल की एकादशी के दिन ही घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक का जन्म हुआ, जिसे खाटू श्याम कहते हैं।

महाभारत में वर्णित है कि भीम के पुत्र घटोत्कच थे। उन्हीं के पुत्र थे बर्बरीक, बर्बरीक देवी मां के भक्त थे। बर्बरीक की तपस्या व भक्ति से प्रसन्न होकर देवी मां ने उन्हें तीन बाण दिए थे जिनमें से एक तीर से संपूर्ण वे पृथ्वी का विनाश कर सकते थे। ऐसे में जब महाभारत का युद्ध चल रहा था तो बर्बरीक ने अपनी माता हिडिम्बा से युद्ध लड़ने की पेशकश की। तब बर्बरीक की माता ने सोचा कि कौरवों की सेना बड़ी है और पांडवों की सेना छोटी इसलिए शायद युद्ध में कौरव पांडवों पर भारी पड़ेंगे, तब हिडिंबा ने कहा कि तुम हारने वाले के पक्ष में युद्ध लड़ोग। इसके बाद माता की आज्ञा लेकर बर्बरीक महाभारत के युद्ध में शामिल होने के लिए निकल पड़े। लेकिन, भगवान श्रीकृष्ण को पता था कि जीत पांडवों की होने वाली है अगर बर्बरीक युद्ध स्थल पर पहुंचते हैं तो वे कौरव पक्ष में युद्ध लड़ेंगे। इसलिए भगवान श्री कृष्णा भिक्षु का रूप धारण कर बर्बरीक के पास पहुंचे तब, भगवान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक से उनका शीश दान में मांग लिया। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे, तुम्हें कलयुग में श्याम के नाम से पूजा जाएगा, तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे।

#### रात्रि को की आश्रम में पूजा अर्चना

रात्रि को जिला संस्कार मंच के जिला संयोजक जितेन्द्र तिवारी सहित अन्य ने यहां पर भजन संध्या के उपरांत रंगोली आदि सजाकर देव उठनी ग्यारस की पूजा अर्चना के साथ वृद्धजनों के मध्य आतिशबाजी की।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने निकाली जागरुकता रैली

**सीहोर।** शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं जिला स्वास्थ्य समिति सीहोर द्वारा तंबाकू मुक्त समाज के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला तम्बाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रोग्राम ऑफिसर देवेंद्र राय द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।



जागरूकता रैली उत्कृष्ट विद्यालय से प्रारंभ होकर गोद ग्राम कस्बा पीटर कंपाउंड तहसील चौराहा एवं मुख्य शहर से होते हुए विद्यालय में समाप्त हुई। रैली में रासेयो स्वयंसेवक बैनर लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे स्वयंसेवकों ने गुटखा एवं धूम्रपान के प्रति जागरूकता पंपलेट का वितरण भी किया। कार्यक्रम में भौतिकविद अरविंद पटेल शिक्षिका बबीता मालवीय उमंग क्लीनिक किशोर परामर्श दाता ममतेश राठौड़ एमटीडवलू अभिषेक तमौलिये प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने एवं जन जागरूकता हेतु आयोजित रैली में 110 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

### कन्या शिक्षा परिसर में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**सीहोर।** कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथि का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। बालिकाओं ने हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं में मध्य प्रदेश की स्थापना, भौगोलिक स्थिति एवं गौरवपूर्ण इतिहास पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत आदिवासी लोक नृत्य एवं स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलबी विद्यालय सीहोर की प्राचार्य रूपश्री नागेश मैडम उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में दिनेश अहोरिया, पूर्व संगठन मंत्री, वनवासी कल्याण आश्रम, सीहोर जिला एवं आदर्श ग्राम पंचायत मुंडला के सरपंच कैलाश पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र शर्मा, प्राचार्य लोकेश बहादुर, एवं प्रशासक अशोक त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विगत वर्ष में विद्यालय की आंतरिक एवं बाह्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम उपरांत अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया तथा छात्रावास का निरीक्षण भी किया।

**खबर संक्षेप**



### किसानों ने विद्युत मण्डल में शीघ्र पदस्थ करने की मांग की

**सीहोर।** सीहोर जिले के विद्युत वितरण केंद्र बिलकिस गंज, बरखेड़ी के विद्युत मंडल के केन्द्र पर अधीक्षण यंत्री (महाप्रबंधक) पूनम तुमराम, कार्यपालन यंत्री (डीजीएम) सीहोर राजीव सिंह, प्रबधंक पाठक व बिलकिसगंज के विदाई समारोह में पहुंचे सभी विद्युत मण्डल के अधिकारियों से किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों गांव के किसानों ने सभी अधिकारियों के समक्ष अधीक्षण यंत्री (महाप्रबंधक) पूनम तुमराम को लकड़ी का हल भेट कर बिलकिसगंज के अधिकारी शिवराम पाली के रिटायरमेंट होने पर अच्छे अधिकारी को पदस्थ करने हेतु किसानों ने अनूठे तरिके से दांडिया नाच कर मांग रखी। किसानों का कहना था कि बिलकिसगंज का जो विद्युत केन्द्र है, वह क्षेत्रफल की दृष्टि काफी फैला हुआ है, जो कि सीहोर शहर से कोलार डेम तक फैला हुआ है और जंगली ऐरिया भी लगा हुआ है, दूर-दूर बसे गांव हैं और स्टाफ की भी कमी है।

विद्यार्थियों की कॉपी जांचने के मामले में जांच टीम गठित करने की मांत की तेज, कड़े विरोध-प्रदर्शन की चेतावनी दी

# एनएसयूआई का कहना...निष्पक्ष हो जांच, अन्यथा भोपाल पैदल जाएंगे एनएसयूआई और विद्यार्थी

सीहोर जिले के शास. स्नातक महाविद्यालय रेहटी का है। जहां परीक्षा की कॉपी को महाविद्यालय के प्राचार्य अंजना गढ़वाल ने अपने ही भतीजे को आउटसोर्स कर्मचारी से कॉपी चेक करवा दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी शासकीय महाविद्यालय में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किए जाने का वीडियो सामने आया है। जी हां, महाविद्यालय के विद्यार्थियों की कॉपियां महाविद्यालय के जिम्मेदार ने प्राचार्य के ही भतीजे एवं आउटसोर्स कर्मचारी को जांच करने के लिए दे दी, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

हालांकि इस पूरे मामले में एक पखवाड़ा से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी लापरवाह बरतने वाले अधिकारी पर कोई कार्यवाही नही हुई। हालाकिं एनएसयूआई के विरोध के ज्ञापन के अब जांच टीम गठित की गई है। पूरा मामला सीहोर जिले के शासकीय स्नातक महाविद्यालय रेहटी का है। जहां परीक्षा की कॉपी को महाविद्यालय के प्राचार्य अंजना गढ़वाल ने अपने ही भतीजे को आउटसोर्स कर्मचारी से कॉपी चेक करवा दी। जब ऐसे बिना डिग्री वाले कर्मचारी कॉलेज के छात्र-छात्राओं की काफी चेक करने के लिए अपने घर ले जा रहे हैं और अपने रिश्तेदार से काफी चेक करवा रहे हैं। देखा जाए तो सीधा-सीधा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वही देखने वाली बात यह है, कि जिस तरह से छात्र-छात्राए फैल हो रहे है, जो प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे है। क्योकि कॉलेज से बाहर कॉपियां ले जाकर चेक करना क्या सही है।



### एनएसयूआई ने छात्रों की ओर से विरोध जताते हुए सौंपा था ज्ञापन

कॉपी चेकिंग का वीडियो जमकर वायरल होने के बाद हड़कम्प मच गया। इस मामले में एनएसयूआई ने मामले को उठा और कार्यवाही की मांग की। हालांकि प्रशासन पूरे मामले पर कार्यवाही करने की वजह मामले को दबाने में लगे हुए हैं। वहीं छात्रों ने तीन दिवस के अंदर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई थी। हालाकिं अब पूरे मामले में जांच टीम गठित की गई है।




### महाविद्यालय की ओर से एनएसयूआई के ज्ञापन की दी प्रतिक्रिया

27 अक्टूबर, 2025 को एनएसयूआई ने रेहटी कॉलेज में कॉपी चैकिंग से संबंधित मामला हेतु आवेदन दिया गया गया था। इस मामले में महाविद्यालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिसमे उल्लेख किया गया है उक्त कॉपी चैकिंग मामले को संज्ञान में लेते हुए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा कार्यवाही करते हुए शासकीय महाविद्यालय रेहटी का कॉपी चैकिंग/मूल्यांकन हेतु बनाया गया सेंटर समाप्त कर दिया गया है साथ ही रेहटी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक / अतिथि विद्वानों को मूल्यांकन हेतु कॉपी देने से विश्वविद्यालय द्वारा मना कर दिया गया है। इसके बाद भी छात्रों नेता तनिस चौहान का कहना है कि जिनके खिलाफ हम लोगों ने ज्ञापन दिया उन्हें अभी तक यहां से हटाया नहीं गया उनके रहते यहां पर सही जांच कैसे होगी यह अभी हमारी समझ से परे है। हमारी पदयात्रा की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है शीघ्र हम पदयात्रा कर इस मामले में दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों को सस्पेंड करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित सत्ता पक्ष एवं कांग्रेस नेताओं को भी इस मामले से अवगत कराएंगे।

## अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 17 को

**लाफ्टर चैंपियन नागरिकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर देंगे**



**सीहोर।** विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी लीजा टॉकीज मैदान पर 17 नवंबर की रात अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के हजारों समर्थकों कार्यकर्ताओं नागरिकों के द्वारा भी विधायक सुदेश राय के जन्म दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कवि सम्मेलन के संयोजक राजकुमार जायसवाल रिंकू ने बताया कि इस वर्ष विशुद्ध हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश भर के दिग्गज हास्य कवि तथा लाफ़्टर शो चैंपियन श्रोताओं को गुदगुदाने सीहोर आ रहे हैं। यह आयोजन प्रतिवर्षानुसार स्थानीय लीज़ा टॉकीज़ के मैदान पर 17 नवंबर गुरुवार की रात नौ बजे प्रारंभ होगा। हास्य कवि सम्मेलन आयोजन संस्था के द्वारा जरूरी तैयारियां शुरू कर दी गई है। शहर में कवि सम्मेलन की बरसों पुरानी परंपरा रही है, सीहोर का नाम कवि सम्मेलन नगरी के रूप में ख्यात रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर पिछले पच्चीस वर्षों से कवि सम्मेलन का आयोजन लीज़ा टॉकीज़ मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन पूरी तरह से हँसी, ठहाकों तथा गीत-ग़ज़लों को समर्पित रहेगा। इस वर्ष आने वाले कवियों में 'द लाफ़्टर शो' तथा 'द कपिल शर्मा शो' में भाग ले चुके मशहूर कवि भी शामिल हैं। लीजा टॉकीज मैदान पर बनने वाले भव्य मंच से अरुण जैमिनी हास्य सम्राट, लाफ्टर चैम्पियन के सरपंच, द कपिल शर्मा शो फेम नई दिल्ली, शशिकांत यादव शशि सब रस-संचालक देवास अज़हर इक़बाल मशहूर शायर, फिल्म गीतकार, द कपिल शर्मा शो फेम, मेरठ उप्र अनिल चौबे हास्य व्यंग्य वाराणसी, सुश्री आयुषी राखेचा गीत, ग़ज़ल, हास्य जोधपुर, पार्थ नवीन हास्य पैरोडीकार प्रतापगढ़, स्वयं श्रीवास्तव गीतकार उन्नाव उप्र, तथा मुन्ना बैटरी लाफ्टर चैम्पियन फेम मंदसौर नागरिकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देंगे। हास्य कवि सम्मेलन के सूत्रधार साहित्यकार पंकज सुबीर रहेंगे।



### शहर हमारा है इसे घर की ही तरह साफ-सुथरा बनाए रखना है: भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा



**सीहोर।** शहर हमारा है इसे घर की ही तरह साफ-सुथरा बनाए रखना है, इसी भाव के साथ होने वाले निरन्तर करने होंगे, हमारी नगर पालिका प्रदेश में स्वच्छता के नाम पर अव्वल है और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पार्षदों के अलावा नगर पालिका के अमले के द्वारा शहर को सुंदर और विकसित किया जा रहा है। उक्त विचार शहर के वार्ड क्रमांक पांच में गणेश मंदिर परिसर में साढ़े तीन लाख के कक्ष के भूमि पूजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहे। उन्होंने कहाकि हमारे सीहोर विधानसभा के विधायक सुदेश राय और प्रदेश सरकार के सहयोग से क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं है और बिना भेदभाव के शहर की बुनियादी समस्याओं का समाधान हो रहा है। शनिवार को वार्ड क्रमांक पांच के पार्षद राजीव गुजराती सहित क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र के गणेश मंदिर परिसर में भक्तों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे साढ़े तीन लाख के कक्ष का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान भाजपा महामंत्री राजकुमार गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, राजेश मांझी, कमलेश राठौर, कमलेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल थे।

## क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे हैं लव जिहाद व धर्मांतरण के मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

इछावर क्षेत्र अंतर्गत स्थित है ग्राम कुड़ी, इस ग्राम कुड़ी से एक लड़की लापता है और परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसे एक मुस्लिम युवक बहला फुसला कर लेकर भाग गया है। इस बात से नाराज हिंदू संगठनों ने आज इछावर थाने पहुंचकर जमकर नारेबाजी की है और पुलिस से कहा है कि किसी भी हालत में लड़की को खोज कर लाया जाए और आरोपी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

जानकारी के अनुसार सीहोर जिले के इच्छावर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कुड़ी से एक लड़की लापता है और लड़की के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उसे एक मुस्लिम युवक बहला फुसला कर भगा ले गया है मामले में इछावर थाने में शिकायत भी दर्ज की गई है कल हुई इस घटना की जानकारी जब हिंदू संगठनों को मिली तो आज लड़की के परिजनों के साथ हिंदू संगठन के पदाधिकारी ने थाने के सामने पहुंचकर जमकर नारेबाजी की है और पुलिस से कहा है कि कल तक लड़की को खोज कर लाया जाए अन्य का इच्छावर बंद किया जाएगा।

इछावर थाने के सामने हुए प्रदर्शन में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे यहां लड़की के पिता ने भी खुलकर एक युवक का नाम लेकर आरोप लगाया है कि वह युवक उनकी लड़की को लेकर भाग गया है।



### स्कॉच अवार्ड से सम्मानित होने पर खान ने किया मंत्री पटेल का सम्मान

**सीहोर।** राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष समाज सेवी नौशाद खान ने राजधानी भोपाल पहुंचकर देशभर में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा स्कॉच अवार्ड से सम्मानित होने पर मध्य प्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष मंत्री दर्जा प्राप्त जनाब सनववर पटेल का फूल मालाए पहना कर स्वागत सम्मान किया और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान के साथ महासंघ के प्रदेश सचिव अजहर बाबा भी मौजूद रहे।



## अश्विनी ने युवाओं को देश के गौरवशाली अतीत और वर्तमान चुनौतियों से कराया अवगतः विधायक राय

**सीहोर।** सहकार भारती के तत्वाधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर क्रिसेंट रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय ने सम्मिलित होकर हजारों नागरिकों को संबोधित किया।

विधायक सुदेश राय वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय और श्रीमती अरुणा राय के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील प्रसिद्ध वक्त अश्वनी उपाध्याय का सीहोर पहुंचने पर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी,जिला संयोजक डॉ. गगन नामदेव शामिल रहे।

श्री उपाध्याय ने कहाकि युवाओं को राष्ट्र की एक महत्वपूर्ण शक्ति बनाना हैं और उन्हें बेहतर शिक्षा, सुधरे हुए कानूनों और भ्रष्टाचार मुक्त समाज देना है उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली, जो देश की आत्मा थी, उसे अंग्रेजों ने नष्ट कर दिया है आजादी के बाद इस प्रणाली को सही रूप में लागू नहीं किया गया। वह शिक्षा व्यवस्था में संस्कारों को शामिल करने की जरूरत है।



देश की आजादी के समय सरदार पटेल के प्रयासों से ही 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलय हुआ, जिसके कारण आज का भारत एक राष्ट्र के रूप में मौजूद है। डॉ. अब समय आ गया है कि भारत की राष्ट्रीय अस्मिता को पुनः स्थापित करने के लिए युवाओं को देश के गौरवशाली अतीत और वर्तमान चुनौतियों से अवगत कराया जाए। जब युवा इन विषयों पर चिंतन-मनन करेंगे, तभी वे संस्कृति संपन्न, स्वावलंबी और स्वाभिमानी भारत के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ बुजुर्ग महिलाएं और बच्चे शामिल रहे।

एसआईआर प्रक्रिया के लिए जिला और विधानसभा स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

# घर आंगन में गन्ने से सजे मंडल, धूमधाम के साथ भगवान शालिग्राम संग मां तुलसी का हुआ विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

शहर में शनिवार को धूमधाम से तुलसी विवाह मनाया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़े साथ बरात निकाली गई और आंगन में सजाए गए मंडप में तुलसी विवाह संपन्न किया गया। शहर के हर घर के आंगन में तुलसी को दुल्हन की तरह सजाया गया था। महिलाओं ने भी नई नवेली दुल्हन की तरह सजी तुलसी माता को कलीरे पहनाकर श्रृंगार किया।

तुलसी माता का विवाह शालीग्राम के रूप में भगवान विष्णु के साथ करवाया जाता है। शालीग्राम को भी दूल्हे की तरह सुंदर वस्त्र पहनाए गए। तुलसी विवाह के लिए महिलाओं ने विशेष तैयारी कर रखी थी। उन्होंने इस मौके पर व्रत भी रखा। घर के आंगन में महिलाओं ने तुलसी के आसपास सुंदर रंगोलियां बनाकर माता तुलसी और शालीग्राम की पूजा की। वहीं, शहर के मंदिरों में भी तुलसी विवाह के आयोजन हुए, जहां विशेष पूजा अर्चना के साथ तुलसी माता का भगवान शालीग्राम के साथ विवाह करवाया गया। वहीं, तुलसी विवाह के लिए घरों में विशेष रूप चूरमा लड्डू का प्रसाद बनाया गया, जिसे गन्ने, बोर भाजी अमला बैगन व अन्य सामग्री के साथ अर्पित किया गया। इस दिन सभी सामग्री का सेवन करना शुरु किया जाता है। तुलसी का व्रत रखने वाली महिलाओं ने तुलसी को जल चराया और उसके बाद चंद्रमा को जल चढ़ाकर प्रसाद ग्रहण किया।



### बोर भाजी अमला देव उठे सावला

गन्ने का सजा मण्डप तुलसी-शालिग्राम विवाह हुआ सम्पन्न। देवउठनी ग्यारस पर गन्ने से सजा बाजारः फूल-मालाओं और बोर भाजी अमला की खरीदी की। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देवउठनी एकादशी पर गन्ने के मण्डप में माता तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न हुआ। जिसके लिए गन्ने का मंडप तैयार किया गया है।

इस एकादशी के साथ ही चार महीने बाद सभी शुभ कार्य शादी विवाह आज से शुरू हुए। नगर के सांदीपनी स्कूल ग्राउंड में गन्ने से बाजार सजा , जहां बड़ी संख्या में लोग गन्ना ओर फूलमाला बोर ,भाजी, अमला की खरीदने पहुंच रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों से किसान भी अपना गन्ना लेकर आए और उसकी हाथों-हाथ बिक्री हुई। गन्ने के साथ-साथ फूल-मालाओं और अमरूद सीताफल भी खरीदारी हुई। 50 रुपए जोड़ी से लगाकर 150 रुपए जोड़ी गन्ने खरीदे। तो वहीं बोर भाजी अमला 10 रुपए से 20रुपए की सामग्री बिक्री हुई। 50रुपए से लगाकर 200 रुपए तक फूलमाला की बिक्री हुई।

### विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 पर बैठक संपन्न



**भैरुंदा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (S.I.R.) 2025 के संबंध में आज दिनांक 1 नवम्बर 2025 को अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार सौरभ शर्मा ने की।बैठक में सभी राजनीतिक दलों के ब्लॉक स्तर के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं परिशोधन कार्य पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान मतदान केंद्र स्तर पर बी.एल.ए. (Booth Level Agent) की नियुक्ति निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए जाने पर भी विचार-विमर्श हुआ।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का गहन शुद्धिकरण पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता और सावधानी के साथ किया जाएगा ताकि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित हो सके और किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे।बैठक में आशीष शर्मा (मंडल अध्यक्ष, भाजपा), कपिल खंडेलवाल, चंद्रकांत खंडेलवाल, जनपद सदस्य धर्मेंद्र पवार (गोलू), राजेश पंवार, संजय पंवार, संजीव अग्रवाल, संजीव बोध, कोमल सिंह, अशोक भाटी, रामचंद्र मीना, संतोष शर्मा सहित अल्ताफ खां निर्वाचन शाखा, चंद्रशेखर शर्मा निर्वाचन शाखा ,निलेश भक्ते,कपिल मेहरा ऑपरेटर, एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा नगर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक का उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना था, जिसके लिए सभी दलों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

### मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न शहरों व अन्य स्थानों पर आयोजित हुई एकता दौड़

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर लिया एकता का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

स्वतंत्र भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष के नाम से पहचाने जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती जिले में एकता दिवस के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। इस दौरान जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न शहरों में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया एवं लोगों द्वारा राष्ट्र को एकसूत्र में बांधने सहित राष्ट्रीय एकता एवं सायबर सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई। एकता दौड़ का आरंभ स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड से हुआ जो मंगल भवन पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौड़ में जिले के आलाधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, आमजन सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण एवं मतस्य पालन मंत्री नारायण सिंह पंवार, सांसद रोड़मल नागर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के बताए पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर विधायक अमरसिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

**लीड महाविद्यालय में बनाई गई मानव श्रृंखला**

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाते हुए एकता की शपथ ली गई। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मंगलेश सोलंकी द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी खरे, प्रकाश अहिरवार, डॉ. अखिलेश राय, डॉ. रजनी खरे, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. आभा आनंद, संतोष खरे, रासेयो जिला संगठन डॉ. शैलेंद्र मेवाड़ सहित अन्य उपस्थित थे।

**ब्यावरा में रन फॉर यूनिटी में पुलिसकर्मी, छात्र और नागरिक तिरंगे झंडे के साथ हुए शामिल**

**ब्यावरा**। शुक्रवार को ब्यावरा में पुलिस, प्रशासन द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल से लेकर राजगढ़ बाइपास तक महाराणा प्रताप के प्रतिमा स्थल तक किया गया। रन फॉर यूनिटी के कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार सुभाष अलावे, एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने किया। इस दौड़ में पुलिसकर्मी, प्रशासन के अधिकारी, छात्र, छात्राएं और नागरिकों ने तिरंगे झंडे के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन एकता और अखंडता का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया था। इस दौड़ के आयोजन में ज्योति कॉन्वेंट स्कूल प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल मानस हाई सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने भाग। रन फॉर यूनिटी का समापन राजगढ़ बाईपास स्थित महाराणा प्रताप के प्रथम स्थल पर किया गया जहां बच्चों के द्वारा और सभी नागरिकों के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहे भारत माता की जय महाराणा प्रताप की जय जैसे नारे बच्चों ने लगाए।

***दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने पर बच्चों को किया पुरस्कृत***

*रन फॉर यूनिटी की दौड़ पर के दौरान बच्चों को प्रथम द्वितीय और तृतीय आने ट्रैफिक देकर सम्मानित किया गया। दौड़ में प्रथम रहे देव प्रताप कुशवाहा दूसरे नंबर पर मोहित यादव और तीसरे नंबर पर नैतिक मिश्रा रहे। कार्यक्रम का आभार थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ ने व्यक्त किया इस दौड़ में शामिल भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू यादव पार्षद विष्णु साहू प्रोग्रेसिव स्कूल के संचालक योगेश अग्रवाल, सुठालिया थाना प्रभारी प्रवीण जाट करनवास थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह देहात थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा महामंत्री दीपक सामरे पटवारी श्रीमान नाथ पालीवाल सोनू जाटव गिर्राज लववंशी स्पोर्ट टीचर विद्या चौहान अमीन खान शिक्षक सुरेश साहू डॉ विष्णु दांगी गोलू शर्मा आदि बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।*

### 27 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं जीआरएस

# बारिश के बीच टेंट-तंबू में जारी है रोजगार सहायकों की हड़ताल



**राजगढ़**। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े जिले की सभी 622 ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों की बेमियादी हड़ताल अनवरत जारी है। गत 27 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे ये कर्मचारी अपनी मांगों पर अडिग हैं। जीआरएस संगठन पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक विभाग उनकी मांगे नहीं मानता तब तक उनकी यह हड़ताल जारी रहेगी।

मुख्यालय के खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में बारिश के बीच टेंट-तंबू लगाकर ये हड़ताली कर्मचारी प्रशासन की तरफ से अपनी मांगों के सकारात्मक हल की आस लगाए बैठे हुए हैं। रोजगार सहायक संगठन जिलाध्यक्ष सागर सिंह गुर्जर ने बताया कि अनिश्चिकालीन हड़ताल को पांच दिन हो चुके हैं लेकिन अभी तक विभाग की तरफ से कोई उनसे बातचीत करने नहीं आया है।

**ये हैं रोजगार सहायकों की प्रमुख मांगें**

ग्राम रोजगार सहायक संघटन पदाधिकारियों के अनुसार उनकी प्रमुख मांग है कि जिले में सचिव विहीन रिक्त ग्राम ग्राम पंचायतों के सचिवीय प्रभार ग्राम रोजगार सहायकों को सौंपें जाए। इसके साथ ही जनपद पंचायतों में अटैच रोजगार सहायकों को रिक्त ग्राम पंचायतों में पदस्थ किया जाए। ग्राम रोजगार सहायकों से अन्य विभागों का अतिरिक्त कार्य न करवाए जाए एवं रोजगार सहायकों के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान करवाया जाए।

## नाबालिग को लेकर फरार हुआ आरोपी इटारसी से पकड़ाया



**राजगढ़**। विगत दिवस कालीपीठ थानाक्षेत्र के तहत आ रहे गांव से 16 वर्षीय किशोरी अचानक लापता हो गई थी। किशोरी के परिजनों द्वारा इस बारे में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। कालीपीठ थाना प्रभारी जीतेंद्र अजनारे ने बताया कि नाबालिग की दस्तयाबी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम गठित करते हुए तलाश शुरू की गई। इस दौरान मोबाइल लोकेशन सहित अन्य सूचना तंत्रों से ज्ञात हुआ कि नाबालिग इटारसी में है। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम रवाना हुई और नाबालिग इटारसी रेलवे स्टेशन से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। नाबालिग किशोरी को ब्यावरा देहात थाने के तहत आ रहे गांव चाठा निवासी विजय पिता रामबाबू गौड़ अपने साथ भगाकर ले गया था। पीड़िता के कथनों के आधार पर आरोपी विजय गौड़ पर धारा 87, 64(1) बीएनएस एवं 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 3 माह से नल-जल योजना बंद, लोगों को हो रही परेशानी

# नगर परिषद अध्यक्ष लामबंद, धरना-प्रदर्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

3 महीने से बंद पड़ी नगर की जल आवर्धन योजना के चलते नगर परिषद अध्यक्ष ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सोमवार को भोपाल स्थित एमपीयूडीसी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उनका आरोप है कि योजना के क्रियान्वयन में अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद ने स्पष्ट किया है कि वे योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे।

उनका कहना है कि जब तक योजना को शुरू नहीं किया जाता और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका धरना-




प्रदर्शन जारी रहेगा।? उल्लेखनीय है कि विगत दिनों नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में अध्यक्ष प्रतिनिधि व अन्य पार्षद एमपीयूडीसी कार्यालय गए थे। नगर में नलजल योजना बंद पड़े तीन महिने होने को है, जिससे लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। योजना के तहत कुंवर चैनसिंह डेम से पानी लाया जा रहा है, लेकिन मोटर पम्प व पाइपों के क्षतिग्रस्त होने के कारण योजना विगत 2 महीनों से बंद पड़ी है।

इस योजना को 8 वर्ष से अधिक हो गए हैं, लेकिन अभी भी 25 कार्य अधूरा है। वर्ष 2016 में इस योजना की शुरुआत हुई थी और इसे 850 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन अभी तक यह योजना पूरी नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कंपनी ने गुपचुप तरीके से नगर परिषद को योजना सौंप दी है और अभी तक योजना का कार्य पूरा नहीं हुआ है। जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद ने स्पष्ट किया कि जल आवर्धन योजना को हेडओवर करने की बात सरासर गलत है।

### अभाविप ने गठित की लीड महाविद्यालय की कार्यकारिणी

# हर्षवर्धन अध्यक्ष व बुलबुल को मिला कॉलेज मंत्री का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शुक्रवार को लीड महाविद्यालय राजगढ़ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस कार्यकारिणी में हर्षवर्धन सिंह कॉलेज अध्यक्ष एवं बुलबुल सेन को कॉलेज मंत्री का दायित्व सौंपा गया है।

कार्यकारिणी गठन के अवसर पर जिला विस्तारक सौरभ प्रजापति, तहसील संयोजक मनीष बना एवं नगर अध्यक्ष डॉ. आराधना यादव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मनीष बना ने कहा कि संगठन का उद्धेश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का





विकास करना है। जिला विस्तारक सौरभ प्रजापति ने कहा कि छात्र नेतृत्व केवल पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक होता है। नवगठित कार्यकारिणी में बंटी तंवर, शिवानी सूर्यवंशी, जतिन सोनगिरा को उपाध्यक्ष, तेजराज खिंची, रिषभ शर्मा, सुमित खिंची एवं राधेश्याम गौड़ को सहमंत्री बनाया गया है। इसी तरह एसडीएम संयोजक आनंद मेवाड़े, एसएफएस संयोजक गोवर्धन तंवर, कला मंच संयोजक काजल प्रजापति, कला मंच सह-संयोजक राजदीप संजोदिया, खेल भारत संयोजक देवराज वर्मा, सोशल मीडिया संयोजक एवं सह-संयोजक क्रमशः मनोज वर्मा एवं मनोज विश्वकर्मा को बनाया गया है। इसी तरह दीपक बामनिया, दीपक वर्मा, कार्तिक सौलंकी, लोकेश सोनी, अनमोल, माया दांगी, अनीता तंवर, कैलाश मालवीय को भी विभिन्न पद प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर जिला छात्रावास संयोजक आनंद शर्मा, जिला कलामंच प्रमुख अनीता तंवर, नगर मंत्री कुलदीप सिंगी, सहमंत्री वंशिका डुंगरिया, उदय राजपूत, आकाश मेवाड़ा आदि उपस्थित थे।

## मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का सदस्यता अभियान व दीपावली मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल




मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का सदस्यता अभियान एवं दीपावली मिलन समारोह शनिवार को कृष्णा मैरिज गार्डन में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में किया गया, जिसमें संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन, जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना, संभागीय संयुक्त सचिव हरविंदर सिंह पाहुजा एवं जिला महासचिव राजा राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत कालापीपल ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना ने संघ की रीति-नीतियों और पत्रकार हितों को लेकर विस्तारपूर्वक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सदैव पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। संघ का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक रूप से संघर्ष करना है। वहीं संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि पत्रकार समाज की आंख और जुबान हैं, लेकिन आज पत्रकारों की सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सम्मान की रक्षा सबसे बड़ी आवश्यकता है। पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करवाने के लिए संघ निरंतर प्रयासरत है, ताकि पत्रकारिता करते समय किसी साथी को भय या दबाव का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघ प्रदेश स्तर पर सरकार से संवाद स्थापित कर रहा है और प्रदेश से लेकर ब्लॉक स्तर तक पत्रकारों के हितों की आवाज बुलंद कर रहा है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, जिला सचिव कैलाश विश्वकर्मा, जिला सचिव सोनू सोनी, संयुक्त सचिव कन्हैयालाल चतुर्वेदी, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप माहेश्वरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील मेवाड़ा, कैलाशचंद्र नांदौड़ा, कोषाध्यक्ष भगवानसिंह अहिरवार, सचिव मनमोहन शर्मा, सहसचिव राजाराम बारोड, देवेन्द्र पाहुजा, योगेश दुबे व मुकेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे। इस दौरान कालापीपल ब्लॉक के 17 पत्रकार साथियों ने मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात सभी सदस्यों का संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन एवं जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

## खुजनेर मंडी में कांग्रेस ने आवेदन सौंप भावांतर योजना की मांगी जानकारी

### भावांतर में न भाव के पते हैं न ही राशि के

**खुजनेर**। कृषि उपज मंडी में कांग्रेस पार्टी ने सूचना का अधिकार के तहत भावांतर योजना से जुड़ी जानकारी मांगी है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रदेश सरकार किसानों को भावांतर योजना के तहत मिलने वाली राशि की स्पष्ट जानकारी देने में नाकाम रही है। किसानों के साथ झूठी हमदर्दी का ढोंग करने वाली मप्र सरकार की भावांतर योजना उनकी कमियों को उजागर कर रही है। जहां किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है वहीं भावांतर में न भाव के पते हैं न ही राशि के पते हैं। पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर ने बताया कि जब यह किसान अपनी फसल बेचने आ रहा भावांतर में बेच रहा तो यह पर पंजीयन वाले किसान की फसल 200 रुपए अधिक



में खरीदी जा रही बिना पंजीयन वाले किसान की 200 कम में खरीदी जा रही इनकी कथनी और करनी में काफी अंतर है। किसानों के साथ अन्याय किया जा इसकी हम घोर निंदा करते हैं। खुजनेर मंडी सचिव से यह जानकारी मांगी है कि भावांतर योजना में अब तक कितने पात्र किसानों को लाभ मिला है और उन्हें कितनी राशि का भुगतान किया गया है।

## रन फॉर यूनिटी अंतर्गत मैराथन आयोजित



**जीरापुर**। भारत की एकता और अखंडता के सूत्रधार आधुनिक भारत के शिल्पकार स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ आयोजित हुई। देश की एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ नगर के इंदर चैराहा से प्रारंभ हुई जो आवास कॉलोनी हटीले हनुमान मंदिर पर समापन हुआ।

नगर परिषद एवं पुलिस थाना विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मैराथन दौड़ में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पुलिस विभाग, नगर परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए। जहां पर महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के विधार्थियों ने मैराथन दौड़ में शामिल होकर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुबह 8 बजे पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, तहसीलदार आर पी सिंह गौड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ करवाई। जहां जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा दौड़ में छात्र प्रथम शिवराज सिंह सोनगरा, द्वितीय कन्हैयालाल दांगी, तृतीय अंकित दांगी तीनों छात्रों को शील्ड, प्रमाण-पत्र, लीड पेन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए।

### ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ब्यावरा ने किया आयोजन

# इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार पटेल की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्थानीय गणेश मांगलिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णुदेव शास्त्री ने संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया किस प्रकार सरदार वल्लभभाई पटेल ने प्रथम गृहमंत्री रहते हुए रियासतों को भारत में विलीन किया तथा तत्कालीन समय में अराजकता फैलाने के करण आरएसएस पर देशव्यापी प्रतिबंध भी किया था। बाद में आरएसएस के शीर्ष नेताओं द्वारा सरकार को भरोसा दिलाया गया उसके बाद उनका प्रतिबंध हटाया गया था। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सोंधिया द्वारा भी संबोधित किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य



में आज की सरकारी अव्यवस्थाओं पर प्रकाश डालकर उसको इतिहास के साथ संदर्भित किया ओर कहा जैसे पहले अग्रेजों ने दमन किया आज बीजेपी की सरकार उसी तरह किसानों ओर आम जन का दमन कर रही है।

पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने स्वर्गीय इंदिरा के समय देश हित में लिए गए उनके फैसलों को विस्तार पूर्वक बताया और बताया किस प्रकार उन्होंने बिना अमेरिका से डरे पाकिस्तान के दो टुकड़े करके नया देश बांग्लादेश बना दिया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव ने अपने वक्तव्य में स्वर्गीय इंदिरा गांधी के बाल्यकाल में ही क्रांतिकारियों की मदद करने वाले प्रसंगों पर चर्चा की।कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे ने किया। कार्यक्रम में विष्णु देव शास्त्री मंडलम अध्यक्ष यूनुस मोहम्मद, समीर खान, फिरोज लाल संजय बंसल फूल सिंह जाटव जावेद खान इमरान खान फूल सिंह वर्मा साजिद भाई पार्षद गिरिराज शाक्यवार कैलाश कुशवाहा जगदीश जाटव हेमराज जाटव रामबाबू नीरज शर्मा सहित अनेको कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा अन्नकूट महोत्सव

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित श्री माधव महाकाल सेवा समिति के तत्वाधान में देव उठनी ग्यारस के मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहले दिवस यहां पर मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय संत कथा व्यास पंडित मोहित राम पाठक के मार्गदर्शन में पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना की और उसके पश्चात यहां पर तुलसी विवाह का आयोजन भी रखा गया। संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि 2 नवंबर रविवार को सुबह 11 बजे अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर 56 भोग लगाया जाएगा।

### जागरूकता लाने कार्यशाला की आयोजित

**चापड़ा।** बाल विवाह जागरूकता के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी अहमद सिद्दीकी महिला एवं बाल विकास विभाग देवास के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग बागली आदिवासी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागली के मार्गदर्शन में परियोजना स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव एवं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्यामा तोमर एवं राम प्रवेश तिवारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास बागली आदिवासी के द्वारा देवउठनी ग्यारस में होने वाले विवाह कार्यक्रम में बाल विवाह को रोकने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा कर प्रकाश डाला गया एवं बाल विवाह रोकने के संबंध में शपथ दिलाई गई।

### समिति ने मनाई जयंती

**देवास।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति देवास के तत्वावधान में धूमधाम से जिलाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद पटेल के नेतृत्व में मनाई गई। अलकापुरी में कार्यक्रम में सर्वप्रथम वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण की।

उप स्वास्थ्य केंद्र श्यामपुरा में एक साल से लगा है ताला, स्वास्थ्य सेवाएं ठप

# सरकार के करोड़ों खर्च होने पर भी ग्रामीणों को नहीं मिल रही स्वास्थ्य सेवाएं, न डॉक्टर-न नर्स, भवन में लटके ताले





क्षेत्र के ग्रामीण निजी अस्पताल में महंगा उपचार कराने को हो रहे मजबूर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

जिले की जावर तहसील के ग्राम श्यामपुरा का उप स्वास्थ्य केंद्र पिछले एक वर्ष से बंद पड़ा हुआ है। श्यामपुर मगरदा में केवल एक ही उप स्वास्थ्य केंद्र है वहां भी आए दिन बंद रहता है क्षेत्र के लोगों को अपना उपचार करने के लिए ग्राम से करीब 15 से 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है वही गर्भवती महिलाओं को अपने उपचार के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है ग्रामीणों का कहना है कि हमारा क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है हम क्षेत्र के लोगों को बीमार होने पर उपचार भी नहीं मिल पा रहा है वहीं सरकार तो आदिवासी बहुल क्षेत्र पर लाखों रुपए खर्च कर रही है पर श्यामपुरा मगरदा पंचायत के ग्रामीणों को बीमार होने पर उपचार तक नसीब नहीं हो रहा वही भवन पर ताला जड़ा है और आसपास सन्नाटा पसरा रहता है। सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर इस भवन का निर्माण कराया था ताकि ग्रामीणों को नजदीक में ही उपचार मिल सके, लेकिन आज यह केंद्र ताले में बंद सरकारी योजना का प्रतीक बन गया है।

### भवन तो है, स्वास्थ्य सेवाएं नदारद

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से यह भवन तैयार हुआ है, तभी से यह बंद पड़ा है। न डॉक्टर तैनात हैं, न नर्स, न कोई स्वास्थ्यकर्मी। गांव के लोग बीमार पड़ते हैं तो उन्हें मजबूर होकर प्राइवेट डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है, जहां उनसे इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भवन अब केवल दीवारों तक सीमित रह गया है। न बिजली की व्यवस्था है, न सफाई। कई जगहों पर झाड़ियाँ उग आई हैं और भवन का रंग भी उतरने लगा है।

### निगरानी और जवाबदेही दोनों गायब

स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि बीएमओ और स्वास्थ्य विभाग की टीम इन केंद्रों की मॉनिटरिंग क्यों नहीं करती? क्या यह भवन केवल रिपोर्टों में "सक्रिय" दिखाया जा रहा है? कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय अधिकारी कभी-कभी दौरा करने की बात कहते हैं, लेकिन वास्तविक सुधार कहीं नजर नहीं आता।

### प्रशासनिक उपेक्षा का उदाहरण

श्यामपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति यह दिखाती है कि प्रशासनिक व्यवस्था कितनी लापरवाह हो चुकी है। जहां एक ओर सरकार स्वस्थ मध्यप्रदेश के नारे दे रही है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र के लोग बुनियादी स्वास्थ्य सेवा से वंचित हैं। यह केंद्र आज ताले से बंद है, लेकिन इसके पीछे बंद है सरकारी जवाबदेही की कुंजी।

### ग्रामीणों की परेशानी

गांव के लोग बताते हैं कि जब भी किसी के घर में कोई बीमार पड़ता है, तो उन्हें पास के कस्बों या निजी डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है। प्राइवेट डॉक्टर इलाज के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूलते हैं, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। सरकारी भवन तो है, लेकिन इलाज हमें निजी डॉक्टर से ही करवाना पड़ता है।वो भी महंगे दाम पर, ऐसा कहना है गांव के एक वरिष्ठ निवासी का। राज्य सरकार के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर हर साल करोड़ों रुपये का बजट खर्च किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी हर बार नई योजनाओं की घोषणा करते हैं, लेकिन परिणाम जमीन पर दिखाई नहीं देते। श्यामपुरा जैसे गांव यह साबित करते हैं कि योजनाएं बन रही हैं, पर लागू नहीं हो रहीं।

### ग्रामीणों की मांग चालू किया जाए

गांव के लोगों ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि उप स्वास्थ्य केंद्र श्यामपुरा को तुरंत चालू किया जाए। यहां डॉक्टर और नर्स की नियुक्ति की जाए, दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और भवन की नियमित सफाई की व्यवस्था हो। श्यामपुरा का उप स्वास्थ्य केंद्र आज ताले में बंद है, लेकिन यह ताला केवल एक भवन पर नहीं-यह व्यवस्था की उदासीनता पर लगा प्रतीकात्मक ताला है। जब तक ग्रामीणों को सुलभ, सस्ती और समय पर स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलेगी, तब तक स्वस्थ मध्यप्रदेश का सपना अधूरा ही रहेगा।

### सरकारी वादों पर सवाल

मध्य प्रदेश सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के दावे करती है। बड़े मंचों से घोषणाएं होती हैं कि हर गांव को स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी, लेकिन जमीनी सच्चाई श्यामपुरा जैसे गांवों में स्पष्ट दिखाई देती है। यहां भवन तो बना है, लेकिन सेवा शुरू नहीं हुई। सरकार ने ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए, परंतु यह पैसा लोगों की सुविधा में तब्दील नहीं हो पाया।

### फैक्ट फाइल

- **ग्रामः** श्यामपुरा (तहसील आष्टा, जिला सीहोर)
- **भवन निर्माणः** लगभग एक वर्ष पूर्व
- **स्थितिः** भवन बंद, ताला लटका
- **कर्मचारीः** डॉक्टर-नर्स तैनात नहीं
- **उपचार स्थितिः** प्राइवेट डॉक्टरों के पास जाने को मजबूर
- **शिकायतेंः** कई बार की शिकायतें लेकिन कार्रवाई नहीं
- **सरकारी खर्चः** लाखों रुपए भवन निर्माण में व्यय

### केंद्र प्रभारी को जारी किया है नोटिस

मुझे जानकारी में है मेरे द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी किया गया है। जल्दी कार्रवाई की जाएगी, ताकि ग्रामीणों को सही समय पर उपचार मिल मिल सकेगा।

**अमित माथुर**, बीएमओ आष्टा

# मंदिर में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूजन की हो रही आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के दिव्योदय जैन तीर्थ पर विराजमान दिगम्बर जैन मुनि सजग सागर मुनि श्री सानंद सागर जी महाराज ससंघ का चातुर्मास उपरांत भव्य पिक्छिका परिवर्तन समारोह का भव्य आयोजन रविवार दोपहर 1 बजे से दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर कीपर आयोजित होगा कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा ब्रह्द स्तर पर तैयारियां की गई है। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान पूजन का आराधना श्रावको श्राविकाओं द्वारा पूर्ण भक्ति भाव से प्रतिदिन की जा रही है। मुनि सानंद सागर महाराज ने अपने उदभोदन मे कहा कि हम अनादि काल से संसार रूपी चक्र में परिभ्रमण करते आ रहे है। कितनी बार नरक में गए न जाने कौन कौन सी पर्याय धारण की लेकिन हम रत्नत्रय धारण नही कर पाए। एक बार भी सम्यकदर्शन हो जाता तो हम इस काल मे जन्म नही लैते भव्यात्माओ अब ऐसा पुरुषार्थ करो कि अब यहा किंतने ही सम्बन्धी बने जिस पर्याय में जाते है उसी में रम जाते है। उसी के रिश्ते नाते दिखाई देते है। सामूहिक पुण्य का उदय आया है। जब समाज का पुण्य जाग्रत होता है तब ही ऐसे महानुष्ठान सम्पन्न होते है। जब भी अनुष्ठान हो सब लोगों को मिलकर एक साथ करना चहिये आपको उच्च जाति उच्च कुल मिल गया। अब अशुभ कार्य को छोड़ो उच्च कुल मे आकर नीच कुल के अशुभ कार्य कर रहे हो और नीच कुल के काम कर रहे हो तो आपकी सद्गति नही होगी। नारकियों को आपस मे लड़ते-लड़ते जब वेदना होती है तो वे सोचते है कब यहां से छूट जाऊ। पर नही छूट पाता क्योकि वह जीव ऐसे ही कर्मो को बांध कर नरक में जाता है। सिद्धों की आराधना कर रहे हो सब आत्मा एक समान है बस फर्क इतना है कि नीच काम करने वाले कि मुक्ति नही होगा। श्रावक के जितने कर्त्तव्य बताये गए है। उनका पालन करना चाहिए आप अपने कर्तव्यों का पालन नही कर रहे हो अहंकार के वशीभूत होकर जी रहे है तो ध्यान रखना आपका नीच गति का बंध हो गया है। इससे सिद्ध होता है अपने अपने पुण्य पाप से ही व्यक्ति के वैसे ही परिणाम होते है जब जागो तब सवेरा अब भी जाग जाओ जीवन का समय बिता जा रहा है।

# कर्मनखेड़ी के कवि राहुल ठाकुर ने सागर में किया तहसील का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



भगवान सहस्त्र बाहु की जयंती पर सागर में अखिल भारतीय हैहय कलचुरी महासभा सागर द्वारा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सीहोर जिले की जावर तहसील के कवि राहुल ठाकुर कर्मनखेड़ी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया। आयोजित हुए कवि सम्मेलन में उन्होंने भाई-भाई के आपस में कम होते प्रेम को बढ़ाने के लिए रामायण में राम, भरत का उदाहरण दिया। इन्हीं पंक्तियों के साथ - दुःख अकारण भला इतना सहता है कौन, बड़े भाई को भगवान कहता है कौन, ये भरत तेरा दिल भी एक मंदिर है रे, वरना महलों से कुटिया में रहता है कौन, ऐसा कवि राहुल ठाकुर ने सागर में हुए कवि सम्मेलन में कहा।

### कल निकलेगा संगम बाल पथ संचलन, सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पर होगा संगम

**देवास।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष पर प्रत्येक नगर एवं मंडल में संचलन निकले जा रहे हैं। नगरीय केंद्रों पर बाल पथ संचलन भी निकल जा रहे हैं। देवास में प्रतिवर्ष निकलने वाला बाल पथ संचलन इस वर्ष 2 नवंबर रविवार शाम को निकाला जाएगा। जिसमें आठ वर्ष से अधिक आयु के हजारों विद्यार्थी स्वंयसेवक सम्मिलित होंगे। शताब्दी वर्ष पर यह संचलन विशेष होने जा रहा है, यह बाल पथ संचलन इस वर्ष संगम संचलन के रूप में निकल जाएगा। दो स्थानों से संचलन प्रारंभ होकर सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पर संगम होगा।वएक संचलन उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से प्रारंभ होगा जिसमें छत्रपति शिवाजी एवं महाराणा प्रताप उपनगर के बाल स्वयंसेवक सम्मलित होंगे, यह संचलन इंदिरा गांधी प्रतिमा से होता हुआ सयाजी द्वार स्थित विवेकानंद स्मारक पहुंचेगा।

विधायक आशीष शर्मा की माता का निधन, नेमावर में नर्मदा तट पर हुआ अंतिम संस्कार

# मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अंतिम यात्रा में हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के खातेगांव-कन्नौद विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा की माता सुशीला देवी शर्मा का गुरुवार सुबह दिल्ली के एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया था।

गुरुवार सुबह निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक फैल गया। देर शाम उनका पार्थिव शरीर गृह नगर कन्नौद लाया गया, जहां लोगों ने नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और हितानंद शर्मा सहित अनेक मंत्रियों, विधायकों तथा वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया पर संवेदनाएं व्यक्त कीं।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल विधायक आशीष शर्मा की माता सुशीला गोविन्द शर्मा की अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अध्यक्ष खंडेलवाल ने पुष्पांजलि अर्पित कर अंतिम दर्शन किए और परमपिता परमेश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

अंतिम यात्रा में विधायक विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, विधायक बागली मुरली भंवरा, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा, राजीव खंडेलवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, संभागायुक्त आशीष सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। अंतिम यात्रा निवास स्थान से नेमावर पहुंची, नर्मदा तट पर शर्मा की माता का अन्तिम संस्कार हुआ।पूर्व विधायक गोविंद शर्मा की पत्नी और वर्तमान विधायक आशीष शर्मा की माता सुशीला देवी शर्मा न केवल राजनीतिक परिवार की मुखिया थीं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहीं। नगर के धार्मिक आयोजनों में उनकी नियमित उपस्थिति रहती थी और उन्होंने अनेक साधु-संतों की सेवा की।

# सेनथॉम एकेडमी के विद्यार्थियों ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेनथॉम एकेडमी, भोपाल रोड के विद्यार्थियों ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिस पर विद्यालय को गर्व है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक रिकॉर्ड ब्रेकिंग स्केटिंग कार्यक्रम में भाग लिया, जिसे यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, जीनियस इंडियन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, और यू.एन. बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई है।यह आयोजन 26 अक्टूबर 2025 को एक्सीलेंस स्कूल कैम्पस, देवास में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस दौरान सेनथॉमएकेडमी के 24 प्रतिभागियों ने अपनी लगन और कौशल का परिचय देते हुए 79 मिनट तक लगातार स्केटिंग कर एक अद्भुत रिकॉर्ड बनाया।प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण के लिए पदक और तीन विश्व रिकॉर्ड प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया। उनका यह अद्वितीय प्रयास दृढ़ संकल्प और टीम भावना का प्रेरणादायक उदाहरण है। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य और स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।